फिट इंडिया क्विज़ में राष्ट्रीय चैंपियन बना डीपीएस राँची

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुंबई में आयोजित फिट इंडिया क्विज़ 2021 के पहले संस्करण के नेशनल राउंड में डीपीएस राँची 'नेशनल चैंपियन'बना। झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए डीपीएस राँची के शाकेब अरसलान और वैष्णव गरोडिया राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बने।

प्रमुख बिंदु

- चैंपियन बनने पर विद्यालय को 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला। वहीं, प्रतिभागियों को 2.5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विजेताओं को सम्मानित किया।
- फिट इंडिया क्विज़-2021 का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया था।
- फाइनल राउंड में डीपीएस राँची के छात्रों ने तमिलनाडु, बिहार और अरुणाचल प्रदेश की टीमों को हराया। इससे पूर्व सेमीफाइनल राउंड में पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की टीमों को पराजित किया था।
- भारत के समृद्ध खेल इतिहास के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शुरू की गई, फिट इंडिया क्विज़ में प्रारंभिक दौर में 36,299 छात्रों की भागीदारी देखी गई, जहाँ देश भर के 13,500 स्कूलों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित एक मंच पर ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा की।
- इसमें से चयनित 360 स्कूलों ने स्टेट राउंड में भाग लिया। राज्यस्तरीय क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल राउंड की एक शृंखला के बाद राष्ट्रीय फाइनल में भाग लेने के लिये 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के फाइनलिस्ट की पहचान की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dps-ranchi-becomes-national-champion-in-fit-india-quiz